2 फरीदाबाद 6 अभिमत 9 देश-विदेश 11 फीचर

पायनियर

www.pioneerhindi.com Pioneer Haryana



# क्विक न्यूज

## निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास में ज़िला निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा आंचल तंवर (एम. ए हिन्दी फाइनल) को ज़िला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।

महाविद्यालय प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता ने विजेता छात्रा को बधाई दी व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने सभी को इसी प्रकार प्रेरित होकर देश की सेवा व देश में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संबोधन दिया। आँचल को यह पुरस्कार ज़िला उपायुक्त व ज़िला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह द्वारा मिला। साथ ही छात्रा को 700 रुपये की नगद राशि भी पुरस्कार के रूप में मिलीं। इस अवसर पर डा. जयपाल, मनमोहन सिंगला, उदिता कुण्डू आदि सभी शिक्षकों ने छात्रा को बधाई दी।